# उद्यमियों को दिया जाएगा उद्यमिता प्रशिक्षण

**सिमा व आईईडीयूपी की संयुक्त पहल, एमएसएमई उद्यमियों को मिलेगी नई दिशा**

**सरोजनीनगर-लखनऊ।** सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र निर्माता संगठन एवं उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों के उद्यमियों एवं उनके प्रबंधको में उद्यमिता कौशल विकसित करने को छोटे प्रशिक्षण कार्यक्रम किये जाएगे। इसको लेकर बुधवार को सरोजनीनगर स्थित उद्यमिता विकास संस्थान परिसर में एक बैठक आयोजित की गई।

इस मौके पर सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र निर्माता संगठन के महासचिव रितेश श्रीवास्तव ने कहा प्रौद्योगिकी और नवाचार ने उद्यमशीलता परिदृश्य में क्रांति ला दी है, जिससे युवा उद्यमियों के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हुए है। युवाओं को उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने और नवीन ढंग से सोचने के लिए प्रोत्साहित करके, हम उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा दे सकते है जो व्यवधान और समस्या-समाधान पर पनपती है। तकनीक-संचालित समाधानों के विकास को टूल, प्लेटफ़ॉर्म और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना युवा उद्यमियों को ऐसे व्यवसाय बनाने के लिए सशक्त बना सकता है जो डिजिटल युग की चुनौतियों का समाधान करते है।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र को विकसि करने के लिए उद्यमियों एवं उनके प्रबंधक को आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा एवं सप्लाई चेन मैनेजमेंट प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। इन छोटे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन से उद्यमी अपने व्यवसाय को और अधिक मजबूत कर सकेंगे।